To Solve the Problem of Water Accumulation on the Road

122 **Sh. NEERAJ SHARMA (Faridabad NIT):**

Will the Deputy Chief Minister be pleased to state:-

a) whether some portion of the road from village Dhauj to village Tikri Khera is under the Public Works Department togetherwith the present status thereof; and

b) whether it is a fact that the water remains accumulated on the abovesaid road and it is in damaged condition; if so, the time by which the said problem is likely to be solved?

DEVENDER SINGH BABLI, DEVELOPMENT & PANCHAYATS MINISTER

a) No, sir. The total length of the road from village Dhauj to village Tikri Khera is 1640 meter. Length of 1150 meter pertains to Haryana State Agriculture Marketing Board and 490 meter to Gram Panchayat Dhauj. Out of 490 meter of length, 310 meter is made of Cement Concrete which is in damaged condition and 180 meter is made of Interlocking Paver Blocks.

b) No, sir. At present, water does not remain accumulated on the road. The stretch of 310 meter of the said road is made of cement concrete, which was constructed about 10 years ago. The said piece of road is in damaged condition. The Gram Panchayat Dhauj has accorded administrative approval for reconstruction of road amounting to Rs.22.38 lakhs and for construction of Nala amounting to Rs.8.37 lakhs. The work is likely to be executed by 31 August, 2024.

सड़क पर जल भराव की समस्या का समाधान करना

122 श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

क) क्या गांव धौज से गांव टिकरी खेड़ा तक सड़क का कुछ भाग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त सड़क पर पानी भरा रहता है तथा यह क्षतिग्रस्त अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त समस्या का समाधान कब तक किये जाने की संभावना है?

देवेन्द्र सिंह बबली, विकास एवं पंचायत मंत्री

क) नहीं, श्रीमान् जी। ग्राम धौज से ग्राम टिकरी खेड़ा तक सड़क की कुल लंबाई 1640 मीटर है। 1150 मीटर लंबाई हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड तथा 490 मीटर लंबाई ग्राम पंचायत धौज से संबंधित है। 490 मीटर लंबाई में से 310 मीटर सीमेंट कंक्रीट से बनी है जो क्षतिग्रस्त स्थिति में है और 180 मीटर ईटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स से बनी है।

ख) नहीं, श्रीमान् जी। वर्तमान में सड़क पर पानी जमा नहीं रहता है। उक्त सड़क का 310 मीटर हिस्सा सीमेंट कंक्रीट से बना है जिसका निर्माण लगभग 10 वर्ष पूर्व हुआ था। सड़क का उक्त टुकड़ा क्षतिग्रस्त स्थिति में है। ग्राम पंचायत धौज द्वारा सड़क के पुनर्निर्माण के लिए 22.38 लाख रुपये तथा नाला निर्माण के लिए 8.37 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उक्त कार्य को 31 अगस्त, 2024 तक निष्पादित किये जाने की संभावना है।